# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 103 इंदौर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION




## टावर को लेकर

# रहवासी परेशान

### प्रशासन से कर रहे हटाने के लिए निवेदन





रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा

सलाहकार संपादक-8224951278


इंदौर। पंचशील नगर मूसाखेड़ी में राहुल चौहान नामक व्यक्ति के द्वारा छत पर टावर लगवाया जा रहा है यह टावर जिओ का है क्षेत्र कॉलोनी के लोगों में इस टावर को लेकर काफी परेशान है।

मोहल्ले एवं कॉलोनी वासियों को कहना है कि टावर से जो रेडिएशन निकलते हैं वह लोगों को बीमार करती है और कई तरह की बीमारी फैलती है क्षेत्र वासियों ने सभी जगह आवेदन दिया है कलेक्टर ऑफिस कमिश्नर ऑफिस महिला थाने और आजाद नगर थाने पर भी आवेदन दिया है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है आज भी जब राहुल चौहान वहा पर टावर लगवाने आया पूरे कॉलोनी के लोग इकट्ठे थे और राहुल चौहान द्वारा महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया गया गाली गलौज करी गई धक्का दिया गया महिलाओं को उस दौरान क्षेत्र के पार्षद महोदय आए उन्होंने स्थिति संभाली और मोहल्ले वासियों को




आश्वासन दिया कि टावर नहीं लगेगा वहीं पहले से उस क्षेत्र में दो से तीन टावर मौजूद है।

### आदि शक्ति श्री माताजी नर्मला देवी जी का

# पावन जन्मदिवस

## आज का शुभ दिन हम सभी सहज योगियों के लिए अत्यंत पवित्र और आनंदमय है

आज सहज योगियों के लिए अत्यंत पवित्र और आनंदमय दिन है, क्योंकि इसी दिन श्री माताजी नर्मला देवी जी ने इस धरती पर जन्म लिया और सहज योग की दिव्य राह से समस्त मानवता को आत्मसाक्षात्कार का वरदान दिया। आपने हमें प्रेम, करुणा, शांति और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। आपकी कृपा से करोड़ों साधकों को आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति हुई और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त हुआ। आज के दिन हम सभी मिलकर उनके चरणों में वंदन करते हैं और अपने हृदय को माँ की दिव्य ऊर्जा से भर लेते हैं। हे माँ! हमें हमेशा अपने सहज योग के मार्ग पर अग्रसर रखें और अपने प्रेम और आशीर्वाद से कृतार्थ करें! पूरे सहज योग परिवार की ओर से श्री माताजी को कोटि-कोटि नमन एवं वंदन!

**जय श्री माताजी!**



# श्री गुर्जर गोड ब्राह्मण सांस्कृतिक संगठन न्यास द्वारा गौरवशाली रंगारंग फाग महोत्सव कार्यक्रम




रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा


इंदौर के दस्तूर गार्डन में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री गुर्जर गोड ब्राह्मण संगठन द्वारा रंगारंग फाग महोत्सव कार्यक्रम किया गया जिसमें समाज के सभी लोग एकत्रित हुए एवं फाग महोत्सव का आनंद लिया एवं सभी समाज के लोगों द्वारा समाज के सभी लोगों से मधुर मुलाकात की वही



कार्यक्रम में भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिससे कार्यक्रम में आए गए महानुभावों ने आनंद लिया।

# रक्तवीर आर्यन ग्रुप के मेंबर दीपक खत्री ने ओ नेगेटिव ग्रुप का रक्त दान कर की मदद

**रंजीत टाइम्स » ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। सुखदेव हॉस्पिटल में दाखिल महिला मरीज के लिए रेयर ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव की डिमांड पर रक्तदाता आर्यन ग्रुप के दीपक खत्री ने , रक्तदाता दीपक खत्री ने पांचवीं बार रक्तदान किया। रक्तवीर दीपक खत्री ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। विभिन्न प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं में घायलों तथा विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के उपचार के लिए रक्त की आवश्यकता रहती है, इस जरूरत को रक्तदान से पूरा किया जा सकता है। 17 हजार लोगों में किसी एक में पाया जाने वाला यह ब्लड ग्रुप दुर्लभ माना जाता है, लेकिन एक शख्स बिना इसे जाने लोगों को खून देता रहा।



ब्लड ग्रुप 'ओ निगेटिव' को 'बॉम्बे ब्लड ग्रुप' भी कहा जाता है। खास बात यह है कि इस ब्लड ग्रुप वाले लोग यूनीवर्सल डोनर होते हैं यानी वे किसी को भी खून दे सकते हैं लेकिन सबसे खून ले नहीं सकते हैं। अगर जरूरत पड़ती है तो इस ग्रुप वाले व्यक्ति को इसी ग्रुप का खून दिया जाता है।

# हाटपीपल्या सहकारी विपणन समिति द्वारा आज गेहुँ खरीदी का शुभारम्भ कान्हा वेअर हाऊस तिल्याखेड़ी में किया गया



मप्र शासन द्वारा पूरे प्रदेश में 15 मार्च से गेहुँ खरीदी की जा रही है , किन्तु हाटपीपल्या में तकनीकी कारणों से २० तारिख को खरीदी प्रारम्भ कि गयी, आज खरीदी में जिन किसानों ने पंजीयन कराकर स्लॉट बुक कराये थे उनमें प्रथम किसान श्री योगेन्द्र सिंह सेन्धव ग्राम सादीपुरा द्वारा अपनी गेहुँ की उपज . 30 क्विंटल 50 किलो संस्था द्वारा तौल का शुभारम्भ किया गया , सर्वप्रथम विपणन समिति के अध्यक्ष श्री महेन्द्रपाल सिंह सेन्धव एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधी अजय प्रेम जोशी द्वारा तोल कांटे का पूजन किया एवं पहले किसान का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया इसके बाद मिठाई का वितरण किया गया , इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष नेमीचंद पाटीदार , संचालक देवेन्द्र सेन्धव, संस्था प्रबन्धक कमलसिंह राणा , गोर्वधन लाल प्रजापत , छोटुदास वैष्णव , वेअर हाऊस के मेनेजर उरेन्द्र सिंह सेन्धव, हम्माल संघ के शंकरलाल रलौती , गोर्वधनलाल मुकेश जाट सहित ट्रेक्टरों मे अपनी उपज के साथ कई किसान उपस्थित थे, हाटपीपल्या मे दो खरीदी केन्द्र में उन्नत कृषि सहकारी संस्था द्वारा भी तौल शुरू किया गया है ।

# 2490 करोड़ की परियोजना 100 गांवों को देगी सिंचाई का पानी

● सीएम ने तराना में किया लोकार्पण,कहा-उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाना हमारी कोशिश

**भोपाल।** नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत पाइप लाइन का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को तराना (उज्जैन) में लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 9.64 करोड़ की लागत से बने इंदौख हाईलेवल ब्रिज का लोकार्पण, 7.15 करोड़ की लागत वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन, 5.73 करोड़ की लागत वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण और 5.21 करोड़ की लागत की 11 नल-जल परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। सीएम तराना में श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर के नए महंत की चादर विधि कार्यक्रम और महारुद्र यज्ञ में भी शामिल हुए। इस मौके पर सीएम यादव ने कहा कि उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाना हमारा प्रयास है। इसके लिए लगातार काम हो रहे हैं। क्षिप्रा नदी के जल से कुंभ स्नान सुनिश्चित करने के लिए




900 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज, मंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद है। कांग्रेस विधायक महेश परमार के मंच छोड़कर जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में इतना साहस नहीं है कि वह बैठकर हमें सुन सके। उन्होंने कहा, प्रयागराज के मेले में कांग्रेस के अध्यक्ष की बुद्धि भ्रमित हो गई थी। उन्होंने कहा था कि नहाने से क्या होता है।

## शाजापुर व मक्सी को पेयजल उद्योग के लिए भी पानी मिलेगा

परियोजना में कुल 2254 किमी (3000 एमएम व्यास से 63 एमएम व्यास) पाइप लाइन बिछाई गई है। नर्मदा क्षिप्रा योजना से उज्जैन शाजापुर जिले के 100 गांवों को सिंचाई के लिए पानी और उज्जैन, नागदा, तराना, घट्टिया, शाजापुर, मक्सी को पेयजल और उद्योग के लिए पानी मिल सकेगा। परियोजना के तहत ओंकारेश्वर जलाशय ग्राम बड़ेल जिला खंडवा से भूमिगत पाइपलाइन द्वारा 15 घन मीटर प्रति सेकेंड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन एवं 50 पंप मोटर के माध्यम से लिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए कुल 89 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। परियोजना के तहत मुख्य पाइप लाइन और वितरण प्रणाली से 2.5 हेक्टेयर चक तक कुल 2254 किमी (3000 एमएम व्यास से 63 एमएम व्यास) पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओएमएस बाक्स अर्थात कुल 1539 बाक्स स्थापित किए गए हैं।

# बस्तर में नक्सलियों पर फिर बरपा 'कहर'

● दो मुठभेड़ में जवानों ने 30 नक्सलियों को किया ढेर, फायरिंग जारी ● बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 का एनकाउंटर

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। जानकारी के मुताबिक पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर नक्सलियों के कोर इलाके में और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर जारी है।

बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने बताया है कि गुरुवार दोपहर तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। मारे गए नक्सलियों के शव और कई



ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इधर, नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। यहां भी सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया।

फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर 1 महीने पहले 9 फरवरी को 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तराना स्थित प्राचीन तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को तराना स्थित तिल भांडेश्वर मंदिर में पूजा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देव दर्शन के बाद कार्यक्रमों में साधु संतों का सम्मान किया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बृहमलीन महंत प्रकाशनंद जी भारती की समाधि पर पुष्पांजलि और चादर अर्पित की। उन्होंने महारुद्र सहस्त्र चंडी महायज्ञ में आहुति दी और ईश्वर से कामना की कि प्रदेश में सुख समृद्धि बनी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन्दिर परिसर मे पीपल का पौधा रोपा। उन्होंने मंदिर परिसर में सत्संग भवन निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के महामंत्री स्वामी हरि गिरि महाराज और महंत मोहन भारती जी महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, स्थानीय विधायक, साधु संत और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 21 मार्च 2025
DIGITAL EDITION


# छठी बार नीलामी के लिए मजबूर आबकारी विभाग, 34 शराब दुकानों पर नहीं मिला खरीदार

**इंदौर।** शहर की 34 शराब दुकानें आबकारी विभाग के लिए गंभीर समस्या बन गई हैं। पांच बार नीलामी प्रक्रिया आयोजित करने के बावजूद 302 करोड़ रुपये मूल्य की इन दुकानों को खरीदने के लिए कोई भी व्यापारी आगे नहीं आया है। इस स्थिति को देखते हुए आबकारी विभाग ने अब छठी बार इन दुकानों की नीलामी करने का निर्णय लिया है। इस बार विभाग ने दुकानों को 13 की बजाय 18 समूहों में विभाजित कर दिया है, जिससे व्यापारियों को अधिक विकल्प मिल सके। इसके अलावा, नीलामी में कम कीमत पर बोली लगाने का विकल्प भी जोड़ा गया है, ताकि व्यापारियों को आकर्षित किया जा सके।

**फरवरी से चल रही है नीलामी प्रक्रिया** - हर वित्तीय वर्ष की तरह इस बार भी 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया फरवरी में शुरू की गई थी। नई शराब नीति के अनुसार, दुकानों की कीमत में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई, जिससे कई व्यापारियों ने रुचि नहीं दिखाई। शुरुआती प्रक्रिया में 173 दुकानों में से 64 दुकानों को दोबारा संचालित करने के लिए मौजूदा व्यापारियों ने आवेदन नहीं किया। इस पर आबकारी विभाग ने लॉटरी के माध्यम से इन दुकानों की नीलामी करने की कोशिश की, लेकिन इनमें से भी 34 दुकानें नहीं बिक सकीं। इसके बाद विभाग ने मार्च में चार बार नीलामी प्रक्रिया शुरू की, लेकिन एक भी व्यापारी ने भाग नहीं लिया।

### छठी बार बदली नीलामी की रणनीति -

लगातार असफल नीलामी के बाद आबकारी विभाग ने छठी बार नई प्रक्रिया की घोषणा की है। इस बार 34 दुकानों को छोटे समूहों में बांटते हुए 18 समूहों में विभाजित किया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बदलाव के बाद व्यापारी अधिक रुचि दिखा सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया 22 मार्च तक जारी रहेगी, और उसी दिन आए हुए आवेदनों को खोलते हुए दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

### बोली लगाने पर मिल सकती है छूट -

आबकारी विभाग ने दुकानों को 18 समूहों में बांटने के साथ ही उनकी कीमतों में कमी करने का भी निर्णय लिया है। पहली बार विभाग ने तय कीमत से 5 प्रतिशत कम पर भी बोली लगाने की अनुमति दी है। यदि कोई व्यापारी कम राशि की बोली लगाता है, तो इसे शासन की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दुकान को कम कीमत पर भी नीलाम किया जा सकेगा। इस नए फैसले से उम्मीद की जा रही है कि व्यापारी अधिक रुचि दिखाएंगे और विभाग की समस्या का समाधान हो सकेगा।

## 17 साल पुराने केस में कांग्रेस से बीजेपी में शामिल अक्षय बम पर बड़ा एक्शन, हत्या के प्रयास को लेकर केस दर्ज



**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के समय सुर्खियों में आए अक्षय कांति बम की मुश्किलें बढ़ने वाली है। 17 साल पुराने मामले में अक्षय बम सहित अन्य पर आरोप तय हो गया है। आरोप तय होने के चलते अब अक्षय कांति बम की मुश्किलें बढ़ गई है क्योंकि लोकसभा चुनाव के समय वह कांग्रेस का दामन छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। इसको लेकर कांग्रेस ने भी काफी विरोध प्रदर्शन किया था।

लोक अभियोजन अधिकारी अभिजीत राठौर ने बताया कि अक्षय बम और उनके पिता कांति बम सहित एक अन्य व्यक्ति द्वारा जमीन पर कब्जा करने का प्रकरण जिला न्यायालय में साल 2007 से चल रहा है। यह प्रकरण खजराना स्थित निपानिया में कीमती जमीन से जुड़ा हुआ है। फरियादी यूनुस पटेल द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया था। अब उन पर आरोप तय हो गया है। शिकायतकर्ता द्वारा अक्षय बम और उनके पिता सहित अन्य लोगों पर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया था, लेकिन 307 जैसी गंभीर धारा में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया था। इसी के चलते साल 2024 में न्यायालय द्वारा धाराओं में इजाफा किया गया था। इसके बाद गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा पूरे मामले में स्टे दे दिया था और लगातार सुनवाई चलती रही। फरियादी पक्ष की ओर से तमाम तर्कों के आधार पर अभी आरोप तय हुए हैं।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज 21 मार्च को

### इंदौर के 3 विद्यार्थियों सहित एक संस्था होंगे पुरस्कृत

**इंदौर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इंदौर के तीन विद्यार्थियों सहित एक संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम आज 21 मार्च को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। उपभोक्ता संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता और संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली इंदौर की संस्था जागरूक उपभोक्ता समिति आदर्श नगर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त होगा। इस संस्था को एक लाख 11 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र मिलेगा। इसी तरह राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में इंदौर के दो विद्यार्थियों पवन ताकतोड़े तथा हीरल दसोंधी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में इंदौर की कुमारी पूनम बोदड़े को द्वितीय पुरस्कार मिलेगा।

**उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी भी लगेगी** - कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी के स्टॉल को पुरस्कृत किया जायेगा। उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए नाप-तौल विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (प्रदर्शनी एवं मोबाईल लेब से लाईव टेस्टिंग) भारतीय मानक ब्यूरो, (मानकीकरण एवं बच्चों के लिए स्पाट क्विज) भारतीय खाद्य निगम, म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, म. प्र. स्टेट वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (ई-केवासी का डिस्प्ले), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, (आयल कंपनियों के एल.पी.जी एवं पेट्रोलियम सेल्स डिवीज़न के पृथक-पृथक स्टॉल), दुग्ध संघ, स्वास्थ्य विभाग, डाक विभाग, बीमा कंपनी, खाद्य विभाग जिला-भोपाल, न्यूट्रीशनल इंटरनेशनल, प्रमुख स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

## इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण होगा शुरू

**इंदौर।** इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए दिल्ली से आई टीम ने आमद दे दी है। नगर निगम भी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार से शहर में सर्वेक्षण शुरू होगा। नगर निगम मेयर और अफसरों को दावा है कि इस बार भी रैंकिंग में पहले पायदान पर इंदौर नंबर वन रहेगा। बीते दो-तीन वर्षों में जो शहर हमसे कमतर रहे है, वे भी इस बार पहले स्थान पर आने के लिए खूब मेहनत कर रहे है। शहरवासी मानते है कि पहले की तुलना में इंदौर में सफाई थोड़ी कमजोर हुई है। स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर के चार हजार से ज्यादा शहरों में शुरू हो चुका है। सर्वे की तैयारी इंदौर नगर निगम ने चार माह पहले से की थी, लेकिन सर्वे देरी से होने के कारण बार-बार वॉल पेंटिंग, बेकलेन सफाई करना पड़ी। इस बार इंदौर को प्रिमियर लीग में रखा है। इस लीग में सूरत और नवी मुंबई से इंदौर को कड़ी टक्कर मिल रही है। पिछली बार सूरत ने इंदौर के साथ पहला पुरस्कार संयुक्त रुप से साझा किया था। इस बार मुकाबला और कड़ा है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आई टीम कल सुबह खजराना मंदिर से की है। इस मंदिर में फूलों से खाद बनाने का काम बीते सात वर्षों से चल रहा है और सफाई भी काफी रहती है, हालांकि इंदौर का स्वच्छता सर्वेक्षण विधिवत रुप से शुक्रवार से शुरू होगा। टीम बस्ती व कॉलोनियों में जाकर सफाई व्यवस्था का आंकलन करेगी।

### इस बार सर्वे में यह होंगे सफाई के मापदंड

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्थित करना और उसके फिर से उपयोग का तरीका
- कचरा कैसे अलग-अलग किया जा रहा है और उसका संग्रहण कैसे होता है।
- शहर की जल निकासी व्यवस्था कैसी है। जल के पुनः उपयोग के लिए शहर क्या कर रहे है।
- शहरवासी सफाई से कितने संतुष्ठ है। उनका फीडबैक भी सर्वे में शामिल रहेगा।
- सफाईकर्मियों के लिए नगरीय निकाय क्या सुरक्षा उपाय अपनाते है और उनके लिए क्या सुविधाएं है।

## एक्स ने दर्ज कराया भारत सरकार पर केस, आईटी एक्ट पर एलन मस्क की कंपनी ने लगाया आरोप

**कर्नाटक।** एलन मस्क की कंपनी एक्स ने केंद्र सरकार के खिलाफ माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट पर कंटेंट ब्लॉक करने के लिए आईटी एक्ट का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है. यह केस कर्नाटक हाईकोर्ट में दायर किया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक याचिका में एक्स ने गैरकानूनी कंटेंट विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है. इसने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की केंद्र की व्याख्या, विशेष रूप से धारा 79 (3) (बी) के उपयोग पर चिंता जताई. इसे लेकर एक्स का तर्क है कि यह सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करता है और ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर करता है. मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि सरकार इस धारा का उपयोग समानांतर कंटेंट-ब्लॉकिंग तंत्र बनाने के लिए कर रही है, जो कि आईटी अधिनियम की धारा 69ए में उल्लिखित संरचित कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार कर रही है.

## पैसों के लिए खूनी खेल: पति ने पत्नी को सुलाई मौत की नींद, फिर पुलिस को किया गुमराह



**इंदौर।** इंदौर में पति ने पैसों के लिए पत्नी को मौत की नींद सुलाई दी. पत्नी का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया. हालांकि, पुलिस ने कातिल पति को गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र की है. एडिशनल डीजीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि दो दिन पहले शीला नामक एक महिला की मौत हो गई थी. पति ने ही जानकारी दी थी कि पत्नी की साड़ी पंखे में आ गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई. लेकिन शॉर्ट पीएम में खुलासा हुआ कि महिला की मौत गलत दबाने से हुई है. लसूड़िया थाना पुलिस ने पति मदन को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की. जिसके बाद उसने सारा सच उगल दिया. पुलिस ने बताया कि दंपति मजदूरी करते थे.पति ने पत्नी से मजदूरी के पैसे मांगे थे, लेकिन उसने देने से इंकार कर दिया. इसके बाद दोनों में विवाद हुआ और वह पत्नी को मौत के घाट उतार दिया. बताया जा रहा है कि मदन मूल रूप से खंडवा का रहने वाला है. शीला से कुछ साल पहले ही शादी हुई थी और दोनों के दो बच्चे भी हैं. फिलहाल, पुलिस ने कातिल पति के खिलाफ के कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# एमपी के 23,000 पंचायत सचिव 26 मार्च से 1 अप्रैल तक सामूहिक अवकाश पर, सरकार को दिया अल्टीमेटम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 23,000 पंचायत सचिवों ने बड़ा फैसला लेते हुए 26 मार्च से 1 अप्रैल तक सामूहिक अवकाश पर जाने का ऐलान किया है। तीन-चार महीने से वेतन न मिलने के कारण नाराज सचिव अब सरकार के खिलाफ आवाज उठाने को तैयार हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि अगर 25 मार्च तक उनकी मांगे नहीं मानी गईं, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि राज्य के सभी 52 जिला और 313 ब्लॉक मुख्यालयों पर कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पंचायत सचिवों की नाराजगी का असर पूरे प्रदेश में नजर आएगा। 26 मार्च से 1 अप्रैल तक सरकारी कामकाज प्रभावित रहेगा। सबसे बड़ी मांग है समय पर वेतन

## अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



मिलना। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित समयमान वेतनमान का लाभ भी 20 महीने बाद तक नहीं मिला है। इसके अलावा सचिव सरकारी कर्मचारियों जैसी सुविधाओं, बजट प्रावधान, सेवा काल की सही गणना और विभाग में संविलियन जैसी मांगों को लेकर भी अड़े हैं। अनुकंपा नियुक्तियों में वंचित वर्ग को प्राथमिकता देने की मांग भी प्रमुख है।

### वेतन और सुविधाओं की मांग

पंचायत सचिवों की सबसे बड़ी समस्या समय पर वेतन न मिलना है। सचिव चाहते हैं कि हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिले और मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार समयमान वेतनमान का लाभ भी तुरंत दिया जाए। दरअसल पंचायत सचिवों का वेतन को नये सिरे मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार दिया जाना था लेकिन यह घोषणा होने 20 माह पश्चात भी वेतन सचिवों को नहीं दिया गया है। आगे देखना होगा कि क्या सरकार राज्य के सभी सचिवों की बात को मानती है या नहीं और सचिवों की इस अनशन का परिणाम क्या निकलता है।

### ● अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

दिनेश शर्मा ने बताया कि यह सिर्फ 7 दिन का सांकेतिक अवकाश है। यदि इस दौरान भी सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की तो सभी सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश के पंचायत कार्य ठप हो सकते हैं। प्रदेश के सभी 52 जिलों से कुल सभी सचिव अपनी बात को अब असहयोग के माध्यम से कहने के लिए भोपाल में डट गये हैं। आगे यह देखना होगी कि सरकार की इस सचिवों के अल्टीमेटम पर क्या प्रतिक्रिया रहती है।

# ओबीसी आरक्षण मामला: हाई कोर्ट ने 87-13% फार्मूले पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया, अगली सुनवाई 4 मई को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में गुरुवार को शिक्षक भर्ती में होल्ड अभ्यर्थियों की दायर याचिकाओं की विस्तृत सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने 87-13% फार्मूले पर राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए सरकार से पूछा कि 13 प्रतिशत भर्तियां को क्यों होल्ड रखा गया है, क्योंकि हाई कोर्ट का कोई भी ऐसा आदेश नहीं था। निर्देश देते हुए हाई कोर्ट ने सरकार से कहा कि वो साल 2019 से हुई भर्तियों की जानकारी कोर्ट में पेश करें। हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि शिक्षक भर्ती की द्वितीय काउंसलिंग में याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ ओबीसी वर्ग के एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए है, और न ही लिखित में कोई कारण बताया गया है।

### महाधिवक्ता ने कोर्ट में रखा सरकार का पक्ष

महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि शिवम् गौतम की याचिका में दिनांक 04/05/22 को पारित अंतरिम आदेश के कारण ओबीसी वर्ग को नियुक्ति नहीं दी जा रही है, तब इसका जवाब देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि शिवम् गौतम की याचिकाएं में पारित अंतरिम आदेश बताया जा रहा है, वह याचिका हाई कोर्ट से डिस्पोज हो चुकी है, एवं उक्त याचिका सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करा दी गई है, जिसमे सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोई भी अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है, बल्कि उक्त याचिका सुप्रीम कोर्ट में जिन याचिकाओं से लिंक है उनमे सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बैंच द्वारा दिनांक 24/02/2025 को अंतरिम आदेश पारित करके छत्तीसगढ़ राज्य में 58% आरक्षण लागू करने की अनुमति दी गई है।

### अगली सुनवाई 4 मई को

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा कि दोनों राज्यों का विवाद एक समान है, फिर सुप्रीम कोर्ट का आदेश मध्य प्रदेश में क्यों न लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता ने मामले पर सरकार से इंस्ट्रक्शन लेने का समय माँगा है। हाई कोर्ट द्वारा आज अंतरिम आदेश पारित कर कहा गया कि राज्य सेवा की समस्त भर्तियां में भले ही प्रक्रिया समाप्त हो चुकी हो, उन सभी में ओबीसी के 13% पद रिक्त रखे जाए जो याचिकाओ के निर्णय उपरांत निराकृत की जाएगी तथा हाई कोर्ट ने कहा उक्त प्रकरणों में 2019 से अब तक की समस्त भर्तियों से संबंधित तथ्यों को लिखित में दाखिल करे। मामले पर अगली सुनवाई अब 4 मई को नियत की गई है।

# कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें - कोर्ट का आदेश, अगली सुनवाई 3 अप्रैल को

**सतना।** चेक बाउंस के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने सतना से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। विशेष न्यायालय ने वारंट की तामीली के लिए पुलिस अधीक्षक सतना को निर्देशित किया है। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि अगली सुनवाई में अभियुक्त विधायक को आवश्यक रूप से उपस्थित रखें। प्रकरण में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को निर्धारित की गई है। कटनी जिला न्यायालय में विजय कनकने की तरफ से एक लाख 25 हजार रुपये का चेक बाउंस होने के खिलाफ परिवाद साल 2016 में पेश किया गया था। इसकी सुनवाई करते हुए न्यायालय ने धारा-138 के तहत मामले को संज्ञान में लेते हुए सिद्धार्थ कुशवाहा के खिलाफ वारंट जारी किए थे। अभियुक्त सिद्धार्थ कुशवाहा के सतना विधायक निर्वाचित होने के कारण प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट जबलपुर स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने पाया कि साल 2016 से अभियुक्त सिद्धार्थ कुशवाहा लगातार अनुपस्थित हैं और उनकी तरफ से अधिवक्ता हाजिर हो चुके हैं। आदेश पत्रिका का अवलोकन करने पर उन्होंने पाया कि न्यायालय ने फरवरी 2018 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बावजूद भी अभियुक्त न्यायालय ने समक्ष उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक सतना के माध्यम से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि अगली सुनवाई के दौरान अभियुक्त को आवश्यक रूप से उपस्थित रखें।

# आईजी राजेश शर्मा का हार्ट अटैक से निधन, दो साल बाद होने वाले थे रिटायर

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अकादमी टेकनपुर में तैनात इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) राजेश शर्मा का बुधवार देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया. उनकी असामयिक मृत्यु से बीएसएफ अकादमी में शोक की लहर दौड़ गई है. बुधवार देर रात अचानक राजेश शर्मा को हार्ट अटैक आया. परिजन उन्हें तुरंत अकादमी के अस्पताल ले गए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्वालियर जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने गहन जांच के बाद आईजी राजेश शर्मा को मृत घोषित कर दिया. राजेश शर्मा मूल रूप से गुना के रहने वाले थे और दो महीने पहले



ही उन्हें आईजी के पद पर प्रमोशन मिला था. इसके बाद उनकी नई पदस्थापना ग्वालियर के टेकनपुर स्थित बीएसएफ कैंप में हुई थी. वह 1987 में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में बीएसएफ में शामिल हुए थे और अपनी पहली पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में पूरी की थी. उन्होंने दिल्ली में एसपीजी और मध्य प्रदेश एसडीआरएफ में भी अपनी सेवाएं दी थीं. दो साल बाद रिटायर होने वाले थे. आईजी राजेश शर्मा की मौत की खबर से बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में शोक की लहर छा गई. उनके सहयोगी और परिजन इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं. बीएसएफ के डीजी और सभी रैंकों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और उनके परिवार के प्रति समर्थन जताया है. सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है. राजेश शर्मा का निधन न केवल बीएसएफ के लिए, बल्कि उनके परिवार और समुदाय के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है.

# दमोह में हादसा : ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 10 घायल

## बेटी का रिश्ता तय करने जा रहा था परिवार

**दमोह।** दमोह-कटनी स्टेट हाइवे पर जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आनु तिराहे पर गुरुवार दोपहर हुए बेटी का रिश्ता तय करने जा रहे अहिरवार परिवार की तूफान कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें कार पलट गई और 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए 108 के माध्यम से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं, कार भी नाले में पलटने से बची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सागर जिले के शाहगढ़ के बड़े खटोरा से अहिरवार परिवार के लोग बेटी की शादी का फलदान लेकर बांदकपुर के सलैया गांव तूफान गाड़ी से जा रहे थे। वाहन में करीब 15 लोग सवार थे। आनू गांव की पुलिया के नजदीक सामने से आ रहे एक ट्रक ने तूफान कार को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी नाला किनारे पलट गई और ट्रक सड़क के दूसरी ओर मुड़ गया। तूफान गाड़ी के पलटते ही लोगों ने चिल्लाना शुरू किया तो स्थानीय लोगों ने उन्हें वाहन से बाहर निकालकर सड़क पर लेटाया और घटना की सूचना पुलिस और 108 वाहन को दी।घटना के बाद ट्रक चालक भाग गया। 108 के माध्यम से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा इलाज शुरू किया गया। गनीमत यह रही कि तूफान गाड़ी नाले में नहीं गिरी। क्योंकि जहां वाहन पलटा है उसके नजदीक करीब 20 फीट गहरा नाला है। यदि वहां उसमें गिरता तो कई लोगों की जान जा सकती थी।

### यह हुए घायल

घायलों में हरिकिश अहिरवार (54), नन्हे भाई अहिरवार (60), हल्ले भाई अहिरवार (50), हरकिशन पिता मिरचू (50), सुनील (38), सरू उर्फ टुंडे अहिरवार (53), मिहिलाल (55), कूरे (65), रामप्रसाद (40) सभी निवासी बड़े खटोरा के बताए गए हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, 92 हजार के करीब

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूएसडी 3000 के पार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** शादी के सीजन से पहले बढ़ती खरीदारी और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमत में 700 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह बुधवार को नई ऊंचाई 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। मंगलवार को यह 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

**सोने की कीमतों में क्यों आई तेजी-** शादी और त्योहारों के सीजन से पहले स्थानीय सर्राफा कारोबारियों कीओर से की गई खरीदारी की गई है। वहीं मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव और अमेरिका की आर्थिक सुस्ती की आशंका भी इसकी वजह है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 3000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर बनी रहीं। मामले में मनीष मोदी, सीनियर एनालिस्ट, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा, वैश्विक व्यापार युद्ध और भू-राजनीतिक

### इतिहास में पहली बार इतनी तेजी से बढ़ी कीमत

पिछले 210 दिनों में सोने की कीमतें 2,500 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 3,000 डॉलर प्रति औंस हो गई हैं। आमतौर पर, सोने की कीमत में इतनी बढ़ोतरी होने में लगभग 1,700 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार तेजी से उछाल देखने को मिला है। विश्व गोल्ड काउंसिल की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया, सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आ सकती है, लेकिन भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता, बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों में कटौती और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने में निवेश जारी रहेगा।

### निवेशकों का रुझान गोल्ड ईटीएफ की ओर

शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण अमीर निवेशक फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में निवेश कर रहे हैं। साल 2025 में गोल्ड ईटीएफ में रिकॉर्ड निवेश देखा गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लोग सोने को एक सुरक्षित निवेश मान रहे हैं।

# कापसी ने नारी रक्षक टीम और महिला सुरक्षा ऐप लॉन्च किया कापसी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कापसी )और एएसआईएस इंटरनेशनल, नई दिल्ली (एएसआईएस) ने गर्व के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उन प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज को अधिक सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए साहस, धैर्य और समर्पण दिखाया है।

कापसी ने उन महिलाओं को भी सम्मानित किया ,जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर स्वयं और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए और सुरक्षा, सशक्तिकरण व सामाजिक बदलाव की दिशा में प्रभावी पहल का नेतृत्व किया। एएसआईएस नई दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन श्री महेश सिंह चौहान ने कहा कापसी और एएसआईएस नई दिल्ली ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया, जो सुरक्षा क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक शानदार पहल है। यह कदम महिलाओं को वर्दी में और उसके बाहर नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा एक महिला की आवाज़ केवल एक आवाज़ नहीं होती, बल्कि एक आंदोलन, एक क्रांति होती है, जिसमें समाज को बदलने की शक्ति होती है। इस अवसर पर कापसी के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक सुरक्षित, समावेशी और प्रगतिशील समाज की नींव है। जब महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं तो समाज फलता-फूलता है और राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने कहा यदि आप अपनी महिलाओं की रक्षा करेंगे, तो वे आपके राष्ट्र और पीढ़ी की सुरक्षा करेंगी। साथ ही उन व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा और कल्याण में योगदान दिया और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला। इस कार्यक्रम में महिला सुरक्षा ऐप लॉन्च किया गया, जिसे विंग कमांडर सोनिका तनवर के नेतृत्व में विकसित किया गया है।

# एआईसीटीई ने वाणी योजना का दूसरा संस्करण किया लॉन्च, 4 करोड़ की वित्तीय सहायता से 200 सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालाएं होंगी आयोजित

भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने अपनी प्रमुख योजना एआईसीटीई वाणी (ढ्ढष्टञ्जश्व-ङ्कह्वढ्ढ) का दूसरा संस्करण लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं को तकनीकी शिक्षा में बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत, एआईसीटीई देशभर के कॉलेजों को 4 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, ताकि वे 200 सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित कर सकें। ये आयोजन 22 क्षेत्रीय भाषाओं में किए जाएंगे और इसमें उभरते तकनीकी क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

वाणी का उद्देश्य- क्षेत्रीय भाषाओं में मजबूत करना

एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने एक बयान में कहा कि वाणी (Vibrant Advocacy for Advancement and Nurturing of Indian Languages) योजना का उद्देश्य क्षेत्रीय भाषाओं में एक मजबूत ज्ञान आधार स्थापित करना है, ताकि नई तकनीकी उन्नतियों का जानकारी लोकल भाषाओं में भी लोगों तक पहुंच सके। इस योजना के माध्यम से सभी शैक्षिक संस्थानों को भारतीय भाषाओं में शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और यह शैक्षिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।

एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जरे ने कहा, सभी भाषाओं में समस्या-समाधान और चिंतन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। हमें भविष्य में शोध और संदर्भ के लिए सभी आयोजनों का एक संपूर्ण रिपोजिटरी तैयार करने पर भी विचार करना चाहिए। इस योजना में क्षेत्रीय भाषाओं की संख्या को 12 से बढ़ाकर 22 कर दिया गया है और संवेदनशील क्षेत्रों की संख्या भी 12 से बढ़ाकर 16 कर दी गई है। इनमें क्वांटम तकनीक, हाइड्रोजन ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डेटा विज्ञान, एग्रीटेक, खाद्य प्रसंस्करण, साइबर सुरक्षा जैसी उभरती तकनीक शामिल हैं।

कॉलेजों को मिली 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता

एआईसीटीई-वाणी 2025 के तहत, कॉलेजों को 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह योजना 2025 में 200 सम्मेलन आयोजित करने के लिए 4 करोड़ रुपये का सालाना बजट प्रदान करेगी। ये आयोजनों को 22 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किया जाएगा, जिसमें असमिया, बंगाली, हिंदी, कन्नड़, गुजराती, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू भाषाएं शामिल हैं।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से 24 अप्रैल तक एआईसीटीई-अटल पोर्टल पर शुरू होगी। चयन प्रक्रिया में संस्थानों को एआईसीटीई के मानकों के आधार पर चुना जाएगा, ताकि सम्मेलन, सेमिनार या कार्यशाला की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

कोलकाता के टेक्नो इंटरनेशनल न्यू टाउन (ञ्जढ्ढहृञ्ज) कॉलेज की सहायक प्रोफेसर निलांजना दत्ता रॉय ने कहा, एआईसीटीई-वाणी के माध्यम सेएआईसीटीई क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष जनवरी में हमने बंगाली भाषा में सुपरकंप्युटिंग और क्वांटम कंप्यूटिंग को जोड़ने पर एक 2-दिन की कार्यशाला आयोजित की थी, जिसमें एआईसीटीई से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई।

# एसबीआई क्लर्क प्रीलिम्स रिजल्ट जल्द sbi.co.in पर होगा घोषित

एसबीआई क्लर्क प्रीलिम्स परीक्षा परिणाम जल्द जारी होने की संभावना है। उम्मीद है कि बैंक जल्द ही नतीजों का एलान करेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि मुख्य परीक्षा का आयोजन अगले महीने यानी कि अप्रैल में होना है। इसलिए उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम जारी किए जा सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक बैंक की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है। इसलिए परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि एसबीआई के ऑफिशियल वेबसाइट ह्यड्ढद्ब.ष्श्व.द्वठ्ठपर विजिट करते रहें। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से 22, 27, 28 और 1 मार्च, 2025 को यह एग्जाम पूरे देश भर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया था। वहीं, अब परीक्षार्थियों को नतीजों का इंतजार है, जो कि जल्द घोषित हो सकते हैं। प्रीलिम्स परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के अगले चरण में शामिल होना होगा। कैंडिडेट्स की सहूलियत के लिए नीचे आसान स्टेप्स दिए जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके अभ्यर्थी आसानी से रिजल्ट डाउनलोड कर सकेंगे।

एसबीआई क्लर्क भर्ती 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 17 दिसंबर 2024 को शुरू हुई थी। कैंडिडेट्स को 7 जनवरी 2025 तक अप्लाई करने का मौका दिया गया था। इस दौरान, इच्छुक उम्मीदवारों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (स्क्चढ्ढ) की आधिकारिक वेबसाइट ह्यड्ढद्ब.ष्श्व.द्वठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना था। वहीं फरवरी- मार्च में परीक्षा कराई गई थी। इस भर्ती से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए उम्मीदवारों को पोर्टल पर विजिट करना होगा।

# स्कूलों में शामिल की जाए डोपिंग शिक्षा, गांवों में चलाए जाएं जागरूकता अभियान; केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने की अपील

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्कूलों में डोपिंग (नशीली दवाओं के दुरुपयोग) से जुड़ी शिक्षा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेलों में साफ-सुथरी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम बहुत जरूरी है। मंडाविया ने यह बातें एनडीटीएल वार्षिक सम्मेलन-2025 में कहीं। इस सम्मेलन का विषय था ङ्क 'एंटी-डोपिंग साइंस- इनोवेशन और चुनौतियां'। यह सम्मेलन नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी (हृष्ठञ्जरु) द्वारा आयोजित किया गया था, जहां वैज्ञानिकों, कोचों, शारीरिक शिक्षा विशेषज्ञों, खेल संघों और छात्रों ने डोपिंग से जुड़े नए शोधों और इसके खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की। मंत्री ने खेल संघों और संगठनों की अधिक भागीदारी पर भी जोर दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी खिलाड़ी एंटी-डोपिंग नियमों के बारे में अच्छी तरह से जानें और उनका पालन करें। यह सम्मेलन खेलों में ईमानदारी बनाए रखने और खिलाड़ियों को डोपिंग के खतरों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### भारत में डोपिंग की समस्या

भारत को एक खेल प्रेमी देश माना जाता है, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (ङ्खष्ठ) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, नाबालिग खिलाड़ियों के डोपिंग मामलों में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। यह दर्शाता है कि इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

### सम्मेलन की मुख्य बातें

सम्मेलन में वैज्ञानिक नवाचारों के माध्यम से डोपिंग का पता लगाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

खेलों में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए नए वैज्ञानिक तरीकों की जरूरत पर जोर दिया गया।

विशेषज्ञों ने उभरती चुनौतियों, जैसे नई और छिपी हुई प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के उपायों पर चर्चा की।

# तीन समयबद्ध खंडों में देना होगा नीट एसएस परीक्षा, हर सेक्शन के लिए मिलेगा तय समय

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (हृक्चश्वरू) ने नीट एसएस 2024 को लेकर एक नया नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में बताया गया है कि इस साल परीक्षा में तीन समयबद्ध खंड जोड़े गए हैं। पिछले साल परीक्षा की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में यह बदलाव किया गया था। इस नए पैटर्न के तहत, उम्मीदवार एक खंड पूरा किए बिना अगले खंड पर नहीं जा सकेंगे।

तीन समयबद्ध खंड होंगे लागू

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा सुपर स्पेशियलिटी (नीट एसएस) 2024 को लेकर एक अहम नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के अनुसार, इस साल परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है और इसे तीन समयबद्ध खंडों में विभाजित किया जाएगा।

परीक्षा पैटर्न में नया बदलाव

एनबीईएमएस ने परीक्षा की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए यह नया बदलाव किया है। नीट एसएस 2024 के प्रश्न पत्र को तीन खंडों में विभाजित किया जाएगा, खंड-, खंड-क्च,खंड-ष्ट, प्रत्येक खंड में 50 प्रश्न होंगे। खंड- सी के लिए 50 मिनट का समय आवंटित किया गया है। उम्मीदवार अगले खंड में तब तक नहीं जा सकते, जब तक कि वर्तमान खंड पूरा न हो जाए।

**पिछले साल लागू हुई थी परीक्षा सुरक्षा नीति-** एनबीईएमएस ने पिछले साल कंप्यूटर आधारित प्लेटफॉर्म (ष्टक्क्ल) पर आयोजित सभी एमसीक्यू-आधारित परीक्षाओं में यह प्रतिबंध लागू किया था ताकि परीक्षा की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

नीट एसएस 2024 में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को इस नए परीक्षा पैटर्न के अनुरूप अपनी तैयारी करनी होगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि उम्मीदवार आज, 20 मार्च, 2025 से नीट एसएस 2024 आवेदन लिंक के तहत आधिकारिक वेबसाइट पर डेमी टेस्ट का उपयोग कर सकेंगे।



शरीर के लिए ब्रेकफास्ट करना बेहद जरूरी होता है लेकिन ब्रेकफास्ट हेल्दी ना हो और उसे सही तरीके से नहीं लिया जाए, तो पूरा दिन आप सुस्त सा महसूस कर सकते हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।

# ब्रेकफास्ट में ना करें ये गलती, पूरे दिन शरीर को नहीं मिलेगी ताकत

सेहतमंद रहने के लिए खासकर सुबह के पहले भोजन यानी ब्रेकफास्ट लेने पर ज्यादा जोर देते हैं। लेकिन अगर आपको नाश्ता करने के कुछ घंटों के भीतर भूख लग रही है या आप थकान महसूस कर रहे हैं और मोटापे के शिकार हो रहे हैं तो मुमकिन है आप ब्रेकफास्ट लेते समय कोई गलती कर रहे हों। यहां हम आपको ऐसी ही 6 गलतियों के बारे में बता रहे हैं।

## बहुत अधिक चीनी खाना

अगर नाश्ता खाने के बाद भी आपकी भूख नहीं मिट रही है, तो सबसे पहले देखें कि कहीं आप समय बचाने के लिए शॉर्टकट यानी पैक्ड और बैक्ड फूड्स तो नहीं खा रहे। या फिर हो सकता है कि आप पैक्ड ऑरेंज जूस पी रहे हों। बता दें कि किसी भी ब्रांड के पैक्ड जूस में चीनी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, ऐसे में अधिक कैलोरी के सेवन से बचने के लिए ऐसा जूस खरीदें, जिसके लेबल पर 100 प्रतिशत जूस लिखा हो। देखा जाए, तो सबसे अच्छा विकल्प है जूस के बजाय फल का सेवन करना। इसमें फाइबर के साथ चीनी और कैलोरी भी बहुत कम होती है।

## खाली कैलोरी खाना

सबसे पहले समझना चाहिए कि एंटी कैलोरी क्या है। सभी खाद्य पदार्थों में कैलोरी होती है। सभी कैलोरी या तो शरीर द्वारा ऊर्जा के रूप में उपयोग हो जाती है या फिर फैट में बदल जाती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप एक समय में कितनी कैलोरी खा रहे हैं। डाइट एक्सपर्ट बताते हैं कि यदि किसी भोजन में पोषक तत्व नहीं होते या चीनी और कैलोरी की मात्रा भोजन में पाए जाने वाले पोषक तत्वों से ज्यादा होती है, तो इसे एंटी कैलोरी कहा जाता है। नींबू पानी, एनर्जी ड्रिंक, शराब जंक फूड, फास्ट फूड, कैंडी, केक, डोनट्स एंटी कैलोरी के उदाहरण हैं।

## चलते-फिरते भोजन करना

कई बार सुबह के समय जल्दबाजी में नाश्ता कम और जल्दी-जल्दी खाते हैं। यह एक ऐसी गलती है, जो तेजी से आपका मोटापा बढ़ाती है। इसके बजाय अगर नाश्ता धीरे-धीरे और चबाकर करेंगे, तो भूख कम लगेगी और आप अधिक खाने से बच जाएंगे। डेस्क पर बैठकर नाश्ता करने जैसी तरकीबों से बचें। केवल दस मिनट शांति और मन से खाने के लिए निकालें।

## चिकने फूड्स का सेवन

क्या आप भी ब्रेकफास्ट में कैलोरी से भरपूर खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। अगर ऐसा है, तो सावधान हो जाएं। एक रिपोर्ट के अनुसार, थोड़ी मात्रा में फैट ठीक है, लेकिन चिकना तला हुआ भोजन सैचुरेटेड फैट और कैलोरी से भरपूर होता है जो आपको सुस्त महसूस कराता है।

## जब तक तेज भूख न लगे तब तक ना खाना

कई लोग जब तक बहुत तेजी से भूख न लगे, तब तक नहीं खाते। लेकिन यह गलती आपके वेट लॉस में रुकावट पैदा कर रही है। बेहतर है कि आप ब्रेकफास्ट करने का टाइम सेट करें। बेहतर है इंटरमिटेंट फास्टिंग अपनाएं। इससे आपको इंसुलिन और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञ के अनुसार, नाश्ते में प्रोटीन, फाइबर और कार्ब से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। दही, गहरे हरे रंग की सब्जियां, जई, ऑमलेट नाश्ते का बेहतरीन विकल्प हैं। खुद को फिट रखने की सभी कोशिशें जब फेल हो जाती हैं, तो हम जल्दी निराश हो जाते हैं। ऐसे में ये जानकारी आपकी मदद कर सकती है।

## पर्याप्त प्रोटीन ना लेना

जिन लोगों के नाश्ते में प्रोटीन की मात्रा बहुत कम होती है, उनका वजन बढ़ जाता है। प्रोटीन न केवल आपकी मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है बल्कि भूख को भी नियंत्रित करने के लिए अच्छा है। प्रोटीन के लिए अंडा, सोयाबीन, दही, छोले, पनीर, बीन्स और लो फैट मिल्क जैसे विकल्प चुन सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, एक हेल्दी ब्रेकफास्ट में प्रोटीन, फैट और कार्बोहाइड्रेट सबकुछ शामिल होना चाहिए।

# गर्मी में सूरज नहीं ये 5 चीजें आपको देंगी प्योर विटामिन डी



विटामिन डी शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण विटामिन है, इसकी कमी से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और बोन डेंसिटी घटने लगती है। विटामिन डी हड्डियों के साथ दांतों के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। यह विटामिन कैल्शियम और फॉस्फेट के सही अवशोषण और संरक्षण में मदद करता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन डी की कमी के कारण हड्डियां कमजोर तो होती हैं, साथ में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी बढ़ जाता है। विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत सूर्य की किरणें हैं, लेकिन इस गर्म मौसम में धूप में बैठना संभव नहीं है। तो ऐसे में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए खाने में कुछ चीजें शामिल करना भी अच्छा विकल्प हो सकता है।

**दही** – गाय के दूध से बनी दही का सेवन करने से आपको विटामिन डी प्राप्त हो सकता है। शरीर में विटामिन डी की कमी न हो इसलिए ताजे दही का सेवन रोज करें। यह आपके पेट के लिए भी फायदेमंद है। दही के अलावा दूध, पनीर और योगर्ट विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं।

**अंडे** – विटामिन डी के लिए अंडे का सेवन एक अच्छे स्रोत है, खासकर अंडे की पीली भाग। अंडे में विटामिन डी, प्रोटीन, विटामिन बी12 जैसे अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।

**पालक** – पालक के कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं, उनमें से एक विटामिन डी भी है। पालक में प्रोटीन, आयरन, विटामिन और मिनरल्स की भी मात्रा पाई जाती है। पालक में अल्फा लिपोइक एसिड मौजूद होता है, जो एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है, जो कई बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

**गाजर** – विटामिन डी के लिए आप गाजर को भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी और अन्य कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। गाजर में फैट की मात्रा न के बराबर होती है, इसलिए यह वेट लॉस में भी हेल्प करता है।

**मछली** – विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए मछली भी एक अच्छा सोर्स है। सैल्मन, मांगरोल, टूना, मैकेरल, और हेरिंग जैसी मछलियों में विटामिन डी सबसे ज्यादा पाया जाता है।



# दवा की जगह इन बदलावों पर करें फोकस, कभी नहीं बढ़ेगा बीपी

हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। हाइपरटेंशन एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें ब्लड प्रेशर का लेवल अत्यधिक बढ़ जाता है। जिसके कारण व्यक्ति में किडनी डैमेज, स्ट्रोक और हार्ट अटैक का रिस्क भी बढ़ जाता है। अगर इसे समय रहते कंट्रोल न किया जाए तो यह जान का खतरा भी बन सकता है।

## हाइपरटेंशन के लक्षण

हाइपरटेंशन के शिकार व्यक्ति में तेज सिर दर्द, चक्कर आना, तेज दिल की धड़कन और अत्यधिक थकान जैसे कई लक्षण नजर आते हैं। लेकिन अक्सर लोग इसे सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं। हाइपरटेंशन की समस्या को एक अच्छी लाइफस्टाइल से कंट्रोल किया जा सकता है। बस आप छोटे-छोटे बदलावों से ही खुद को स्वस्थ रख सकते हैं।

## नमक से दूरी बनाए रखें

तेज नमक खाना आप में हाइपरटेंशन के खतरे को और भी बढ़ा देता है, तो आप अपने खाने में नमक की मात्रा को कंट्रोल कर के इस रिस्क से बच सकते हैं। जितना आप कम सोडियम का सेवन करेंगे, आपके शरीर के लिए उतना ही अच्छा है।

## वेट मैनेजमेंट पर ध्यान दें

मोटापा भी हाइपरटेंशन के सबसे मुख्य कारणों में से एक है। आप हाइपरटेंशन से बचना चाहते हैं तो अपने वजन को बढ़ने न दें। यदि आप मोटापे के शिकार हैं, तो सबसे पहले वेट लॉस पर फोक्स करें। इससे आप कई और भी बीमारियों के खतरे को कम कर पाएंगे।

## तनाव से दूर रहने की कोशिश करें

तनाव भी आप में हाइपरटेंशन के खतरे को बढ़ा देता है। यह आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और इसका एक सीधा परिणाम हाइपरटेंशन हो सकता है। स्ट्रेस हमारे शरीर में एड्रेनालिन और कोर्टिसोल जैसे हार्मोनों के स्तर को बढ़ाता है, जो हाई ब्लड प्रेशर का कारक है। इसलिए तनाव से दूर रहने की कोशिश करें।

## एक्सरसाइज करें

जो लोग वर्कआउट नहीं करते हैं, उनमें भी हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसे लाइफस्टाइल डिजीज अधिक देखे जाते हैं। हाइपरटेंशन से बचाव के लिए दूसरी बड़ी चीज है नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। इससे कई और भी बीमारियों का खतरा कम होगा।

## एल्कोहॉल से भी दूरी बनाए रखें

एल्कोहॉल के सेवन करने वालों में भी हाई ब्लड प्रेशर का खतरा अधिक होता है। इसके सेवन से वजन भी बढ़ सकता है और यह भी हाई ब्लड प्रेशर के कारणों में से एक है। इसलिए इससे दूर बनाए रखें।



# निक किर्गियोस ने 896 दिनों में दर्ज की अपनी पहली जीत

**मियामी, एजेंसी।** निक किर्गियोस ने मियामी ओपन में अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को हराकर 2022 के बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता। 29 वर्षीय किर्गियोस पिछले 18 महीनों से पैर और कलाई की चोटों से परेशान थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने दोबारा खेलना शुरू किया।

कलाई की लगातार तकलीफ के कारण किर्गियोस पिछले दो साल से टेनिस से दूर थे। कुछ हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में उन्हें पहले ही दौर में मैच छोड़ना पड़ा था, लेकिन मियामी ओपन में उन्होंने मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की। अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को जीत नहीं मिली थी और यह अब यह जीत 896 दिनों के बाद आई।

कलाई की चोट के चलते किर्गियोस का करियर खतरे में पड़ गया था, लेकिन अब इस जीत को वह अपनी वापसी का सबसे बड़ा पल मानते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए लंबा सफर रहा है। कई बार तो मैच खेलना भी डराने वाला था कि मैं इसे पूरा कर पाऊंगा या नहीं। लेकिन अब एक जीत हासिल करके यह महसूस करना कि मैं फिर से इस खेल का हिस्सा हूं, बहुत खास अहसास है। अब उनका अगला मुकाबला 22वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिनसे वह 2022 यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में हार चुके हैं। इस बार किर्गियोस उस हार का बदला लेना चाहेंगे।

किर्गियोस, जो अब तक अपने सातों खिताब हार्ड कोर्ट पर जीत चुके हैं, मियामी ओपन में पांच बार चौथे दौर तक पहुंचे हैं। यह टूर्नामेंट उनके लिए सबसे सफल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता रही है। उन्होंने कहा, मियामी में खेलते हुए मुझे हमेशा अच्छा महसूस होता है। मैं अपने प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहा हूं।

इस स्तर पर आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होती है। यह सोच पाना भी मुश्किल है कि सर्जरी के बाद मैं यहां खड़ा हूं और फिर से जीत रहा हूं। फिलहाल 892वें रैंकिंग पर मौजूद किर्गियोस ने आगे कहा, मेरे लिए यह सफर बेहद कठिन था। फिर से टेनिस खेल पाना किसी चमत्कार से कम नहीं था। मैं मुश्किल हालात में मजबूत बने रहना चाहता था, लेकिन यह सफर आसान नहीं था।

# हार्दिक ने मानसिक यातना और अपमान सहा, मुंबई के कप्तान की बॉयोपिक में किसका जिक्र होना चाहिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 से पहले सुझाव दिया कि अगर हार्दिक पंड्या पर कोई बॉयोपिक बनाई जाए तो उसमें इस बात का जिक्र जरूर होना चाहिए कि उन्होंने किस तरह से कड़ी आलोचनाओं से पार पाया और फिर दमदार वापसी की। आईपीएल 2024 से ठीक पहले हार्दिक पंड्या गुजरात टाइटंस को छोड़कर मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए थे और रोहित को हटाकर उन्हें टीम का कप्तान बना दिया गया था। इसके बाद उनकी हर जगह जमकर आलोचना की गई और फैंस ने उनका खूब मजाक बनाया।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मैच के दौरान मिसफील्ड के कारण हार्दिक को हूटिंग का सामना करना पड़ा था। यही नहीं वो जहां भी जाते थे फैंस उनका जमकर हूटिंग करते थे। कैफ ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बताया कि हार्दिक ने मानसिक तनाव और अपमान सहा, जिसका सामना किसी भी खिलाड़ी को नहीं करना चाहिए। हालांकि उन्होंने हार्दिक की तारीफ करते हुए कहा कि वो दबाव के आगे नहीं झुके और इसके बजाय शेर की तरह लड़ते हुए सफल वापसी की।

**लोगों ने हार्दिक को खत्म मान लिया**

कैफ ने कहा कि हार्दिक ने उस दर्द को अपने तक ही सीमित रखा और आगे बढ़ गए। यही हार्दिक पंड्या की वापसी की कहानी है। यह एक बुरा सफर था। प्रशंसकों ने उन्हें हूट किया और लोगों ने उन्हें खत्म मान लिया। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं आपको बता सकता हूं, बेइज्जतीज्अपमान के साथ आगे बढ़ना, उसे सहना, सबसे गहरा जख्म होता है।

# किसानों पर ऐक्शन से केजरीवाल पर गुस्साई स्वाति मालीवाल

## राज्यसभा सीट से जोड़ दिया कनेक्शन

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली से सटे शंभू और खनौरी बॉर्डर पर जमे किसानों पर बुधवार अचानक पंजाब सरकार का बुल्डोजर चल गया। मान सरकार की ओर से बॉर्डर से किसानों को हटा दिया गया,उनके तंबू उखाड़ दिए गए, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर समेत 200 से ज्यादा किसानों को हिरासत में ले लिया गया है। इस कार्रवाई से पंजाब के किसान नाराज हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने इस कार्रवाई के लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का मकसद हाईवे खुलवाना नहीं बल्कि अपने लिए राज्यसभा का भी रास्ता खोलना है। मालीवाल ने कहा कि ये केजरीवाल के गुस्से और बदले की भावना का एक और उदाहरण है।

किसानों पर देर रात हुई पंजाब सरकार की कार्रवाई से नाराज आप सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने अपने एक्स हैंडल से वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि किसानों पर देर रात हुए अत्याचार का मकसद हाईवे खुलवाना नहीं,केजरीवाल के लिए राज्यसभा का रास्ता





खोलने का है। केजरीवाल जी को लगता है ऐसा करने से लुधियाना का व्यापारी खुश होगा,चुनाव जीतेंगे और अरोड़ा जी की राज्यसभा सीट खाली होगी।

मालावील ने आगे कहा कि जब किसान दिल्ली बैठे थे तब पंजाब में चुनाव भी आने वाले थे। उस समय किसानों को खुश करने के लिए केजरीवाल जी ने खुद को सेवादार बताया था। अब जब किसान पंजाब में बैठे हैं तो केजरीवाल जी ने आंदोलन को बातचीत से नहीं,जोर-जुल्म से खत्म करने का प्रयास किया। ऐसा दोहरा रवैया क्यों? वार्ता की जगह ऐसा तानाशाही मार्ग अपनाना केजरीवाल जी के गस्से और बदले की भावना का एक और उदाहरण है। बता दें कि पंजाब पुलिस ने बुधवार की रात को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 महीने बाद शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा दिया। पुलिस ने बुलडोजर का इस्तेमाल करके किसानों के शेड और मंचों को साफ कर दिया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर समेत 200 से अधिक प्रदर्शनकारी किसानों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस की कार्रवाई बुधवार देर शाम शुरू हुई और अब पुलिस ने लगभग पूरी सड़क को खाली कर दिया है। वहीं, हरियाणा की तरफ से भी बॉर्डर खोलने का काम शुरू हो चुका है। यहां भी क्रेन की मदद से पत्थरों को हटाया जा रहा है।

# इजरायली टेक्नॉलजी से पकड़ा गया दिल्ली में 80 लाख लूटने वाला मोहम्मद अली, झट से बता दिया नाम-पता



**नईदिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली के चांदनी चौक में सोमवार शाम हुई करीब 80 लाख रुपये की लूट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरी रकम बरामद कर ली है। मुख्य आरोपी मोहम्मद अली को पकड़ने में इजरायली टेक्नॉलजी काम आई।

पुलिस टीम चांदनी चौक, लाल किला, जामा मस्जिद, दरियागंज और लाहौरी गेट के करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों तक पहुंची। टीम ने फुटेज में दिख रहे आरोपियों की फोटो इजरायली फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में अपलोड करके आरोपी की पहचान की।

पकड़े गए आरोपियों में 21 वर्षीय मोहम्मद अली और 19 वर्षीय समीर शामिल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद अली के पास से लूट की रकम, हथियार और अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद कर ली है। इलाके के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि अजामल भाई गणेश 17 मार्च की शाम कूचा घासीराम से कंपनी की 80 लाख रुपये की पेमेंट बैग में लेकर निकला था। जब वह हवेली हैदर कुली में पहुंचा तो एक बदमाश फायरिंग कर अजामल भाई से उसका बैग लूटकर फरार हो गया था।

वारदात की सूचना मिलने के बाद लाहौरी गेट, कोतवाली थाने की पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। टीमों ने घटनास्थल से लेकर चांदनी चौक, लाल किला, जामा मस्जिद, दरियागंज और लाहौरी गेट तक करीब 500 कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान पता चला कि आरोपी कूचा घासीराम से ही अजामल का पीछा कर रहा था। वह एक अन्य युवक के इशारे पर काम कर रहा था।

वारदात के बाद मुख्य आरोपी लालकिला, दरियागंज होते हुए फरार हो गया, जबकि उसका साथी अलग दिशा में भागा। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। एक आरोपी की पहचान कर उसका फोटो इजरायली फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में डाला तो पुराने रिकॉर्ड से उसकी पहचान मोहम्मद अली के रूप में हुई।

# कब मिलेंगे 2500, आतिशी ने रेखा सरकार से महिला समृद्धि योजना पर पूछे चार सवाल

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की रेखा सरकार ने महिलाओं को सत्ता में आने से पहले हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। 8 मार्च को इसपर पहली कैबिनेट बैठक हुई और कमेटी भी बन गई है। हालांकि रेखा सरकार प्रत्येक महिला को 2500 रुपये नहीं देगी,इसकी कुछ शर्तें हैं। इसपर आम आदमी पार्टी लगातार दिल्ली सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रही है। इसी सिलसिले में आज नेता विपक्ष आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने महिला समृद्धि योजना से जुड़े 4 सवाल भी पूछे। आतिशी ने पूछा कि कमेटी बने भी 12 दिन हो गए, लेकिन महिलाओं के खाते में 2500 कब आएंगे यह पता नहीं है। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी के सीएम रेखा गुप्ता से महिला समृद्धि योजना को लेकर क्या दिल्ली सरकार दिल्ली में रहने वालीं 18 साल से ऊपर की 48 लाख महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपये की सम्मान राशि देगी? आपको कमेटी बनाए हुए 12 दिन हो गए। आप सुबह से शाम तक केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को गाली देने का समय निकाल लेते हैं, 12 दिनों से आपकी कमेटी क्या कर रही है? महिला समृद्धि योजना के लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होगा? दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये कब से मिलने शुरू होंगे? आतिशी ने आगे कहा कि मोदी जी ने गारंटी दी थी कि



8 मार्च तक महिलाओं को ?2500 मिलने लगेंगे लेकिन इसकी जगह उन्हें एक कमिटी का झुनझुना मिला। आतिशषी ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि हर महिला के खाते में 2500 रुपये आएंगे, लेकिन उसके पहले इतनी शर्तें लगा देंगे कि 1 प्रतिशत महिलाओं को भी इसका लाभ नहीं मिल पाएगा।

# आसिफ ने कोमल को पत्थर से बांध नहर में फेंक दिया, दिल्ली में सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में एक लड़की की हत्या के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सीमापुरी के सुंदरी नगर में रहने वाली कोमल नाम की एक लड़की को मारकर उसे पत्थर से बांधा गया और फिर लाश नहर में फेंक दी गई। पुलिस आसिफ नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो उसे लंबे समय से उसे जानता था। हत्याकांड को 12 मार्च को अंजाम दिया गया था, जबकि लाश 17 मार्च को बरामद की गई थी। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में टैक्सी चलाने वाले आसिफ की कोमल से लंबे समय से जान पहचान थी। 12 मार्च को आसिफ ने कोमल को सीमापुरी इलाके से अपनी कार में बिठाया। इस दौरान दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़े के दौरान आसिफ ने गला दबाकर कोमल की हत्या कर दी।





कोमल की हत्या के बाद आसिफ ने लाश को ठिकाने के लिए हैरान करने वाली तरकीब निकाली। उसने शव को एक भारी पत्थर से बांध छावला इलाके में मौजूद नहर में फेंक दिया। कई दिनों तक पानी में रहने के बाद जब शव काफी फूल गया तो यह पानी की सतह पर आ गया। लोगों ने नहर में लाश देखकर पुलिस को खबर दी।

इससे पहले कोमल के परिवारवालों ने पुलिस को उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। लाश मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा छावला पुलिस स्टेशन में दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने जल्द ही कड़ियों को जोड़ते हुए आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आसिफ के साथ और भी कोई इस अपराध में शामिल थी।

## ● नागपुर हिंसा के बाद महाराष्ट्र के संभाजीनगर में अलर्ट ● पुलिस ने 18 स्पेशल टीमें बनाई,अब तक 69 गिरफ्तार

**नागपुर (एजेंसी)।** औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बीच नागपुर में कई जगह हिंसा हुई। इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इधर मामले में आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने कदम उठाया है। एएसआई ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र के कुछ हिस्सों को टिन की चादरों से ढक दिया है। वहीं हिंसा का आरोपियों को पकड़ने के लिए 18 टीमें बनाई गई हैं, जो ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बाद छत्रपति संभाजीनगर के कलेक्टर दिलीप स्वामी और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार राठौड़ के एएसआई के अधिकारियों के साथ कब्र का दौरा किया। इसके बाद कब्र को लोहे की टीन से चारों तरफ से ढक




दिया गया। एएसआई के मुताबिक कब्र के दो किनारों पर टिन की चादरें और तार की बाड़ लगाई गई है। इसके अलावा कब्र के चारों ओर एक गोल घेरा भी लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने बताया कि औरंगजेब की कब्र के दो किनारों को ढकने वाला हरा जाल खराब हो गया था। पास में ख्वाजा सैयद जैनुद्दीन चिश्ती की कब्र पर आने वालों को यह ढांचा दिख रहा था, इसलिए टिन की चादरें लगाई गई है। औरंगजेब 17वीं सदी का मुगल बादशाह था। हाल ही में आई हिंदी फिल्म 'छावा' के बाद वह फिर से चर्चा में आ गया। पुलिस ने हिंसा मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। जांचकर्ताओं का कहना है कि इस घोटाले में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।